Regarding train services for Babasaheb Ambedkar Parinirvan Diwas

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ **:** सभापति महोदय, भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर, जो संविधान के जनक हैं और करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्रोत हैं । हाल ही में सरकार ने संविधान के प्रति समर्पित होकर 75 वीं वर्षगांठ भी मनाई है । मैं आपसे विनती करना चाहती हूं कि भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर जी के करोड़ों अनुयायी देश भर से 6 दिसम्बर को भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिन के अवसर पर मुंबई स्थित दादर स्टेशन पर आते हैं, जहां पर उनकी चैत्य भूमि है । वहां पर लोग अभिवादन करने के लिए आते हैं । यहां पर रेल मंत्री जी बैठे हैं । मेरी उनसे विनती है कि जो बाबा साहेब के अनुयाई आते हैं, उनके लिए 5-6 दिसम्बर की रात के लिए अतिरिक्त उप नगर ट्रेन की सुविधाएं देने की बात रखना चाहती हूं ।